50 हजार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना मिशन

सिंदरी : धनबाद नगर निगम एसीसी सीमेंट प्रबंधन की ओर से संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगा। एसीसी सीमेंट वर्क्स के सौजन्य से दिशा सेंटर में आयोजित सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने उक्त बातें कही। जियाडा के स्वतंत्र निदेशक सत्येंद्र कुमार ने कहा कि महिलाएं जिस दिन आत्मनिर्भर बन जाएंगी, उस दिन धनबाद जिले का इतिहास बदल जाएगा। सीएसआर अधिकारी रवि निवास ने विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। कैंप अध्यक्ष अंबुज मंडल, महाप्रबंधक सुरेंद्र सिंह ने भी विचार रखे। 60 महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा।